तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 दिसंबर, 2025



12 कराटे चैम्पियनशिप में हरियाणा प्रथम और गुजरात रहा द्वितीय





12 बल्यू बैल्स कॉन्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक समारोह की रही धूम




## नगर निगम ने दो एजेंसियों को 5 साल के लिए दिया टेंडर

# अब पूरे शहर में 149 वाहन हर घर से उठाएंगे कचरा

### कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मेयर पोपली व निगमायुक्त नीरज ने दिखाई हरी झंडी, कचरा संग्रहण की नई व्यवस्था शहर को स्वच्छता रैंकिंग में आगे ले जाने में मदद करेगी: रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नई सोच, नया हिसार के तहत नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की नई प्रणाली लागू की है। आगामी पांच वर्षों तक यह जिम्मेदारी दो एजेंसियों-करणी कॉर्पोरेशन और वी वाइस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी है। दोनों एजेंसियां कुल 149 वाहनों की मदद से पूरे शहर में सभी वार्डों में घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों से नियमित कचरा एकत्र करेंगी और उसे प्रोसेसिंग साइट तक पहुंचाएंगी। इस सुविधा का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मेयर प्रवीण पोपली और निगमायुक्त नीरज ने हरी झंडी दिखाकर किया।

#### स्वच्छता व्यवस्था को नई गति मिलेगी

डोर-टू-डोर वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि स्वच्छ शहर की दिशा में यह कदम बेहद महत्वपूर्ण और प्रभावी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने शहर को दो जोनों में विभाजित कर पांच वर्षों के लिए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य दो एजेंसियों को सौंपा है। इस सेवा की शुरुआत आज औपचारिक रूप से की गई। मंत्री ने कहा कि यह पहल शहरवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है और निश्चित रूप से स्वच्छता व्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि कचरा संग्रहण की यह आधुनिक व्यवस्था शहर को स्वच्छता रैंकिंग में आगे ले जाने में मदद करेगी।



हिसार। वाहन को झंडी दिखाते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### शहरवासी हिसार को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दें : सावित्री जिंदल



**हिसार।** हिसार से विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि हिसार के इतिहास में आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है क्योंकि हिसार नगर निगम ने महत्वाकांक्षी डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा का विधिवत शुभारंभ कर दिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और विश्व-स्तरीय सुंदरता प्रदान करना है। यह सेवा पूर्व ऊर्जा मंत्री ओपी जिन्दल की जनसेवा की प्रेरणा और जिन्दल परिवार की हिसार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एक नया अध्याय लिख रही है। विधायक सावित्री जिंदल ने शहरवासियों से अपील की कि हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दें। यह सुविधा हमारी है, इसे सफल बनाना हमारी जिम्मेदारी है। अपने घर से निकलने वाले कचरे को केवल 'सूखा' और 'गीला' कचरा अलग-अलग करके ही गाड़ी में डालें।

#### पर्यावरणीय दृष्टि से सराहनीय और अभिनव पहल की शुरूआत : प्रवीण पोपली

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर को दो जोनों में बांटा गया है। जोन-1 में वार्ड 1 से 10 तक करणी कॉरपोरेशन को कार्य सौंपा गया है, जबकि जोन 2 में वार्ड 11 से 20 तक वी वाइस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड कचरा संग्रहण का कार्य करेगी। इस बार पहले की तुलना में अधिक वाहन लगाए गए हैं ताकि शहर के हर हिस्से में समय पर कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वी वाइस लैब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहन इलेक्ट्रिक हैं, जो पर्यावरण अनुकूल और प्रदूषण रहित हैं। यह शहर के लिए एक पर्यावरणीय दृष्टि से सराहनीय और अभिनव पहल है। इसके साथ ही नगर निगम जल्द ही एक मोबाइल ऐप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माध्यम से नागरिक कचरा संग्रहण वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन, उनके आने का संभावित समय और वाहन की गति जैसी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

#### 5 वर्ष के लिए डोर-टू-डोर का कार्य करेंगी दोनों एजेंसियां

निगमायुक्त नीरज ने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की शुरुआत की गई है। दोनों एजेंसियों को अलगे 5 वर्ष के लिए कार्य करने के लिए टेंडर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वी वायस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी के सभी 75 वाहन इलेक्ट्रिक है जबकि करणी कॉरपोरेशन के 18 वाहन इलेक्ट्रिक है। निगमायुक्त ने कहा कि निगम का उद्देश्य लोगों को कचरा सेग्रीगेशन के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके लिए प्रेरित करना है। इसके लिए नगर निगम अधिकारियों, सीएसआई, एएसआई और एचएसआई की ड्यूटियां निर्धारित कर दी गई हैं, जो न केवल निगरानी करेंगे बल्कि नागरिकों को कचरा अलग-अलग डालने के लिए जागरूक भी करेंगे।

### सस्ती चीनी उपलब्ध करवाने का लालच देकर 3.86 लाख ठगे

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने चीनी बेचने के नाम पर 3 86 लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले में तीन आरोपी फिरोजाबाद जिले के बांके बिहारी निवासी दीपक व कृष्ण व उत्तरप्रदेश के मैनपुरी निवासी परवीन को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एसआई सज्जन कुमार ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों ने कुछ दिन पहले उमरा गांव निवासी रोहित मालिक ने ऑनलाइन चीनी बेचने की ऐड देखकर चीनी खरीदने के लिए दीपक से संपर्क किया था। तीनों आरोपियों ने मिलकर उमरा निवासी रोहित को सस्ती चीनी बेचने के नाम पर 386000 रुपये की धोखाधड़ी की थी। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने रोहित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रुपये बरामद कर कब्जा पुलिस में लेकर तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।



हांसी। बोगा राम कॉलोनी की गली में एकत्रित लोग और लगे कूड़े के ढेर।

### बोगाराम कॉलोनी में हुआ हंगामा
## मां-बेटे पर गली पर कब्जे व सड़ी गली सब्जियां फेंकने का आरोप

- पार्षद ने हटवाया कचरा
- महिला व उसके बेटे पर अपने घर और आसपास बड़े पैमाने पर कूड़ा जमा करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

बोगाराम कॉलोनी में सोमवार सुबह उस समय बड़ा हंगामा हो गया, जब कॉलोनी के लोगों ने मां-बेटे पर गली पर कब्जा करने तथा यहां कूड़ा और सड़ी-गली सब्जियां फेंकने से फैल रही दुर्गंध फैलाने का आरोप लगाया। कॉलोनी में रहने वाली एक महिला व उसके बेटे पर अपने घर और आसपास बड़े पैमाने पर कूड़ा जमा करने का आरोप है, जिसके कारण निवासियों का सब्र टूट गया और वे शिकायत लेकर वार्ड पार्षद के पास पहुंचे।

कॉलोनी के लोगों ने बताया कि उक्त महिला पिछले 12 वर्षों से यहां रह रही है। और पिछले कुछ समय से उसने कॉलोनी की एक पूरी गली पर कब्जा कर रखा है। गली के दोनों ओर कूड़े के बड़े ढेर, फटे-पुराने कपड़े, पॉलिथीन और सड़ी-गली सब्जियों का अंबार लगा हुआ है, जिससे पूरे क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध फैल रही है।

#### गली में फेंक देते हैं सब्जियां

स्थानीय निवासी मनोज के अनुसार महिला और उसका बेटा सब्जी मंडी से गली सड़ी सब्जियां इकट्ठा करके यहां लाते हैं और उन्हें यहां साफ करके उन सब्जियों को कई होटल व ढाबों इत्यादि पर बेचते हैं, जबकि बची हुई सड़ी-गली सब्जियां वहीं गली में फेंक देते हैं। इससे उस गली सड़ी सब्जी से उठने वाली दुर्गंध से पूरी कॉलोनी परेशान हैं। एक अन्य महिला निवासी ने बताया कि इस अवैध कब्जे के कारण अब गली में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद अधिकारियों और वार्ड के पार्षद से कई बार शिकायत की जा चुकी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। वहीं सूचना मिलने पर सोमवार को वार्ड की पार्षद सुमन शर्मा मौके पर पहुंचीं। और उन्होंने तुरंत नगर परिषद से ट्रैक्टर ट्रॉली मंगवाकर गली में जमा कचरे को उठवाया और गली की सफाई करवाई।

### खबर संक्षेप

#### विक्रम बने डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक

**हिसार।** वरिष्ठ आईएएस विक्रम को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। वे 2014 बैच के आईएएस अधिकारी है और उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। वर्ष 2014 से लगातार हरियाणा सरकार को निरंतर अपनी सेवाएं देते हुए विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में फरीदाबाद उपायुक्त के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। इससे पूर्व आईएएस अशोक कुमार गर्ग के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाल रहे थे, वे अपनी 33 वर्ष की सेवा करके 30 नवंबर को सेवानिवृत हुए।

#### 12 से शुरू होने वाले स्वदेशी मेले का प्रचार अभियान शुरू

**हिसार।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में 12 से 16 दिसंबर तक आयोजित किए जाने वाले स्वदेशी मेले का प्रचार अभियान शुरू कर दिया गया है। इस संदर्भ में प्रांत मेला प्रमुख अनिल गोयल की अध्यक्षता में हिसार के स्वावलंबन केंद्र में स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े पदाधिकारियों व मेले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

#### नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

**हिसार।** हिसार सहकारी विपणन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने चेयरमैन सेवापति और वाइस चेयरमैन दयावती को शुभकामनाएं दी। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों के नेतृत्व में समिति अपने कार्यों में और अधिक पारदर्शिता, विकासोन्मुख दृष्टिकोण तथा जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ेगी।

## हिसार रहा प्रदेश में सबसे ठंडा न्यूनतम पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलने से हरियाणा के मैदानी इलाकों में न्यूनतम पारे में तेजी से गिरावट आई है। प्रदेश में हिसार इस सीजन में सबसे ठंडा रहा। हिसार का रात्रि पारा 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के सभी इलाकों में रात्रि पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। हिसार के बाद कैथल 4.4 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। इसके अलावा सिवानी का रात्रि पारा 5.0, करनाल का 5.0, नारनौल का 5.2, पानीपत का 5.2, सोनीपत का 5.2, सिरसा का 5.7, कुरुक्षेत्र का 5.9, रोहतक का 6.0, भिवानी का 6.5, रोहतक का 6.6, गुरुग्राम का 7.6, पंचकूला का 8.2, अंबाला का 8.4 तथा चंडीगढ़ 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजकीय महाविद्यालय नारनौल के पर्यावरण क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार उत्तरी पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी का असर साफ तौर पर मैदानी राज्यों पर दिखाई देने लगा है और आने वाले दिनों में शीतलहर की स्थिति के साथ सीजन की पहली पाला जमने की सम्भावना बन रही है। दिसम्बर महीने के पहले सप्ताह का स्वागत शीतलहर और पाला पड़ने की गतिविधियों से होगा। आने वाले दिनों में मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहेगा क्योंकि किसी सक्रिय मौसम प्रणाली का असर नहीं होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बारिश की गतिविधियों की सम्भावना नहीं है जिसकी वजह से अभी धुंध और कोहरा की गतिविधियों की सम्भावना बनती नजर नहीं आ रही है इसलिए सुबह शाम को ठंड अपने तेवरों को प्रचंड बनाएगी।

**प्रदेश के विभिन्न इलाकों में रात्रि पारा**

| | |
|---|---|
| हिसार | 3.5 |
| कैथल | 4.4 |
| सिवानी | 5.0 |
| करनाल | 5.0 |
| नारनौल | 5.2 |
| पानीपत | 5.2 |
| सोनीपत | 5.2 |
| सिरसा | 5.7 |
| कुरुक्षेत्र | 5.9 |
| रोहतक | 6.0 |
| कैथल | 6.3 |
| भिवानी | 6.5 |
| रोहतक | 6.6 |
| गुरुग्राम | 7.6 |
| पंचकूला | 8.2 |
| अंबाला | 8.4 |
| चंडीगढ़ | 7.8 |

### शादी से लौट रहे युवकों की कार सड़क किनारे खंभे से टकराई, घायल

**हिसार।** शहर के मटका चौक के पास एक तेज रफ्तार बलेनो कार सड़क किनारे लगे खंभे से जा टकराई। हादसे में कार सवार दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक खेदड़ गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। मटका चौक के पास सोमवार तड़के अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से टकराते हुए सड़क किनारे लगे खंभे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के दौरान कार के एयरबैग खुल गए, जिससे दोनों युवकों की जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## कमेटी कटला के चुनाव के लिए पहले दिन कोई नामांकन नहीं

आज व कल भी नामांकन लिए जाएंगे चुनाव 14 को

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव के लिए नामांकन भरने के पहले दिन सोमवार को कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया, अलबत्ता नामांकन भरने के इच्छुक कई उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फार्म जरूर लिए गए।

चुनाव करवाने के लिए नियुक्त प्रशासक एन.के. गोयल, चुनाव अधिकारी डॉ. यशपाल सिंगला, सह चुनाव अधिकारी बृजभूषण जैन व संजय मित्तल रामलीला भवन कार्यालय में उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी डॉ. यशपाल सिंगला ने बताया कि निर्धारित चुनावी कार्यक्रम अनुसार श्रीरामलीला कमेटी कटला के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व छह कार्यकारिणी सदस्यों के लिये दो व तीन दिसम्बर को दोपहर बाद 2:00 से सायं 4:00 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।



हिसार। श्रीरामलीला कमेटी कटला के चुनाव अधिकारी, उम्मीदवार को नामांकन फार्म देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### 6 दिसंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे

4 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 6 दिसंबर को नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। 6 दिसंबर को ही दोपहर बाद चुनाव चिन्ह आवंटन किए जाएंगे तथा 14 दिसंबर को प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक देवी भवन स्कूल में मतदान करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना करके परिणाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### पंजाब रोडवेज कर्मचारियों के समर्थन में सांझा मोर्चा ने किया रोष प्रदर्शन

**हिसार।** पंजाब रोडवेज के कर्मचारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में रोडवेज के सांझा मोर्चा ने स्टेट कमेटी के आह्वान पर हिसार डिपो में रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता अजय दुहन ने की जबकि संचालन सतीश लोरा ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सांझा मोर्चा नेताओं ने कहा कि पिछले तीन दिन से पंजाब रोडवेज के कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं, जिसके चलते पंजाब में पूर्ण रूप से चक्का जाम की स्थिति है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पंजाब सरकार ने पंजाब रोडवेज कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी तो हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा कड़ा निर्णय लेने को मजबूर होगा। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संदीप जैनावास, अनूप सातरोड़, रमेश यादव व पवन कन्नोह आदि ने भी संबोधित किया।

**अभियान** 1000 से अधिक संख्या में 'रेड क्रॉस रिबन' लगाकर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया

# स्वयंसेवकों ने एड्स दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से विश्व एड्स दिवस पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में एनएसएस की पांच टीमों ने 1000 से अधिक संख्या में 'रेड क्रॉस रिबन' लगाकर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई के प्रेरक संदेश से हुई और स्वयंसेवकों ने सर्वप्रथम कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को रेड रिबन लगाकर अभियान का आगाज किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एचआईवी-एड्स के प्रति समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संवेदनशील व्यवहार और रोकथाम संबंधी जागरूकता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, रोकथाम की सही जानकारी प्रदान करना और सामाजिक सहयोग की भावना विकसित करना समय की प्रमुख आवश्यकता है। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा, कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. महावीर प्रसाद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामस्वरूप, डॉ. विनीता, डॉ. सुमित शर्मा, लिपिक दलबीर सिंह, नरेश आदि मौजूद थे।



हिसार। विश्व एड्स दिवस पर जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

#### एड्स के प्रति समाज में फैले भ्रम को दूर करने का लिया संकल्प

**हांसी।** विश्वास नशा मुक्ति एवं पुनर्वास समिति द्वारा सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार डॉ अनिल बिढान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। तहसीलदार डॉ. अनिल बिढान ने कहा कि एड्स एक नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है, बशर्ते समय पर उपचार और जागरूकता अपनाई जाए। कार्यक्रम के समन्वयक रामअवतार, संस्था के डॉ विजय यादव ने एड्स के लक्षण, कारणों और उपलब्ध उपचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, तथा समय पर जांच की आवश्यकता पर बल दिया। सिविल सर्जन कार्यालय की काउंसलर कविता एवं सुशील ने एचआईवी और एड्स के लक्षण, कारण और इलाज की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके प्रति समाज में फैले भ्रम को दूर करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य माधव, विमल शर्मा, काउंसलर मनीषा, सामाजिक कार्यकर्ता युद्धवीर सिंह, मनीष दीप और अरविंद मलिक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सहेली



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

## ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन



उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।' अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन



भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।

### डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

### बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।



### खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

### विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी

विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

### इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

### बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी। a

## भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।

परवरिश
कृति आर. के. जैन



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।

दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है। a

---

सजेशन
मधु सिंह

जिस तरह से गर्मी के मौसम में गर्माहट का कम एहसास हो, इसके लिए हम अपने घर में कई बदलाव करते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, इनसे ठंड का एहसास कम होगा। इन छोटे-छोटे और ईजी बदलावों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगी।

## क्या आप कर चुकी हैं अपने घर को विंटर रेडी!



सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम ज्यादा ठंडी महसूस होती है। दिन छोटे होने के कारण शाम को अंधेरा जल्दी होता है। घर से बाहर रहने पर बस मन करता है कि जल्द से जल्द घर में पहुंच जाएं। लेकिन घर में गर्माहट का एहसास तभी होगा, जब आप अपने घर को विंटर रेडी बनाएंगी, अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव करेंगी। सर्दी के आने वाले दिनों के लिए जब खूब ठंड पड़ेगी, उसके लिए अपने घर को इस तरह तैयार कर लें, जो आपके लिए आरामदायक हो।

**ऐसे बनी रहेगी गर्माहट:** गर्मी के मौसम में जहां हल्के कूलिंग इफेक्ट वाली कॉटन ड्रेसेस की फर्निशिंग जरूरी होती है। ठीक इसके विपरीत सर्दी के मौसम में वुलेन बेडशीट, पर्दे, रग्स, सोफा कवर, तकिए के गिलाफ, कुशन कवर हों तो वे गर्मी को रोकते हैं और कमरे की गर्माहट को बनाए रखते हैं। ऊनी कालीन एक प्राकृतिक इंसुलेटिंग एजेंट की तरह काम करता है। इनसे हम सर्दियों में कमरे को ज्यादा आरामदायक बनाकर ऊर्जा की खपत कम करके कमरों को गर्म रख सकते हैं।

**बेडरूम में मिले कोजी फील:** सर्दी के मौसम में हम सभी का बेडरूम में ज्यादा समय बीतता है। इसलिए जितना संभव हो, उसमें बदलाव करना चाहिए। गर्मियों के लिए हल्के बिस्तर की जगह, वुलेन बेडशीट, पिलो कवर, रग्स, कालीन, पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि कमरों में गर्मी बनी रहे। आप रात भर आराम से सो सकें और बेडरूम के लुक को भी खूबसूरत बना सकें। इसके लिए गहरे रंगों की बेड शीट्स, कुशन कवर और पिलो कवर का इस्तेमाल करें, जो गर्माहट लाने में हेल्प करते हैं।

**दरवाजे-खिड़कियों में बदलाव:** सर्दी के दिनों में कमरे की ज्यादातर गर्मी, खिड़की और दरवाजों से निकलती है, इसलिए उन्हें प्लास्टिक की सीलिंग से या बोर्ड से सील करवा दें। उन पर मोटे फैब्रिक वाले पर्दे लगाएं। पर्दे ऐसे होने चाहिए कि धूप और गर्मी अंदर आ सके और जो रात में ठंड को अंदर आने से रोक सकें। शाम के बाद दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रखें। बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजों की दरारों को सील करवाएं ताकि घर में गर्माइश बनी रहे।


### तैयार कर लें वार्म ड्रेसेस

आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड के लिए मोटे फैब्रिक की ड्रेसेस और कंबलों को तैयार रखें। अगर उन्हें ट्रंक या दीवान में स्टोर करके रखा गया है, तो उनको धूप लगवाने के बाद ही इस्तेमाल करें। टोपी, दस्ताने, मोजे और घर के अंदर पहनने के लिए ऐसी चप्पल मंगवा लें, जो पैरों को गर्म रख सकें। हाथ पैर और सिर से ज्यादा ठंड लगती है। इसलिए वुलेन मोजे, दस्ताने और कैप भी निकाल लें।

**पोर्टेबल स्टोव:** जब ठंड ज्यादा बढ़ती है तो आग तापने से बड़ी राहत मिलती है। तापमान गिरने पर आप चाहें तो पोर्टेबल इलेक्ट्रिक हीटर या गैस स्टोव को किचेन के बजाय कहीं अन्य सुविधाजनक स्थान पर रखकर खाना बना सकती हैं, इससे घर को गर्म रखा जा सकता है।

**वैकल्पिक तरीके भी आजमाएं:** सर्दी के दिनों में जब पावर कट ज्यादा होता है तो ऐसे में इलेक्ट्रिक से चलने वाले इंस्ट्रूमेंट्स जैसे हीटर और ब्लोअर यूज नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अपने घर को गर्म बनाए रखने के वैकल्पिक तरीके भी रेडी रखें। वार्म पैड या फायर प्लेस को दुरुस्त रखें, ये बिजली की तुलना में सस्ते तो होते ही हैं, बिजली न होने पर ठंड से परेशान होने की बजाय इनके इस्तेमाल से घर को गर्म रखा जा सकता है। यहां बताए गए इन तमाम उपायों को आजमा कर आप अपने घर के वातावरण को आसानी से गर्म रख सकती हैं। a

---



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल

सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।



**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।

**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें। a


---

एडवाइस
प्रतिभा अग्निहोत्री

## जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।

इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-



**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं :** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें। a

## गीता महोत्सव में हाथ से बने फैब्रिक, घरेलू प्रयोग की वस्तुएं बनीं आकर्षण का केंद्र

महोत्सव में लोगों का शुगर व बीपी जांचा गया, लाल-पीली शिमला मिर्च बनी आकर्षण का केन्द्र

# भागवत गीता युगों-युगों से मानव को सही मार्ग पर चलने का दे रही संदेश





फतेहाबाद। बागवानी विभाग द्वारा लगाई गई स्टाल व स्वास्थ्य विभाग की स्टाल पर बीपी की जांच करवाते लोग व रेडक्रॉस व स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाया गया रक्तदान शिविर। फोटो : हरिभूमि

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

जिला स्तरीय गीता महोत्सव के तीसरे दिन उत्साह और सांस्कृतिक रौनक से भरा हुआ रहा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने किया और अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने की। तत्पश्चात शहर में शोभायात्रा निकाली गई। संध्या कालीन सत्र में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि रहे। पूर्व सांसद ने कहा कि आज से 5163 वर्ष पूर्व गीता का उद्गम हुआ था। उन्होंने कहा कि गीता मनुष्य को सही दिशा में चलने का संदेश देती है। गीता हमें अनुशासन सिखाती है। गीता भारत ही नहीं पूरे विश्व में चर्चा का विषय है। गीता में 18 अध्याय हैं व 700 श्लोक हैं।

### नागरिकों की जांची बीपी और शुगर

शनिवार से शुरू हुए गीता महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को दर्शकों को गीता के ज्ञान के साथ ही मुफ्त स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। जिलावासी प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक आकर इसका लाभ उठाया। यहां पर बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की निशुल्क जांच की सुविधा दी गई। सोमवार स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लेने के लिए उपायुक्त ने स्वयं का बीपी और शुगर की जांच करवाई। स्वास्थ्य विभाग, रेडक्रास ने सामाजिक संस्था खुशी-नई उम्मीद के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया।

जिला शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस व जिला बागवानी विभाग ने यहां अपनी-अपनी स्टालें लगाकर सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। रेडक्रॉस ने रक्तदान शिविर के बारे में, शिक्षा विभाग ने निपुण भारत-निपुण हरियाणा, प्रधानमंत्री पोषण योजना के बारे में लोगों को बताया। जिला बागवानी विभाग ने बागवानी फसलों व शहद उत्पादक किसानों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान व योजनाओं के बार में जानकारी दी। लाल शिमला मिर्च, पीली शिमला मिर्च, हरी शिमला मिर्च व अन्य के बारे में जानकारी दी गई।

### गीता महोत्सव में प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

गीता महोत्सव आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों सहित स्वयं सहायता समूह के स्टॉल लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए है। 29 नवम्बर से 1 दिसंबर तक चल रही इस प्रदर्शनी में हस्तशिल्प के स्टॉल भी दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। सजावटी उत्पाद, हाथ से बुने फैब्रिक और घरेलू उपयोग की हस्तनिर्मित वस्तुओं ने आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपने कौशल से बने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय कियामहोत्सव में अंतिम दिन कई घंटों तक मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शको का मनोरंजन किया और सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर शाम तक प्रस्तुतियां दी गई। प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। मंच पर सूचना, जनसंपर्क व भाषा विभाग के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। अशोक कुमार एंड पार्टी के अलावा शहर के अनेक स्कूलों डीएवी स्कूल, एमएम कॉलेज, क्रेसंट स्कूल सहित अनेक स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

## शोभायात्रा का अग्रवाल समाज ने किया स्वागत



फतेहाबाद। अग्रसैन चौक पर शोभा यात्रा का स्वागत करते अग्रवाल समाज फतेहाबाद के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

*अग्रवाल समाज फतेहाबाद के सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया वहीं लोगों को प्रसाद का भी वितरण किया गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पंचायत भवन में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय गीता महोत्सव का आज समापन हुआ। इस अवसर पर शहर में भव्य नगर शोभा यात्रा निकाली गई। अग्रवाल समाज फतेहाबाद द्वारा अग्रसैन चौक पर इस शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के सदस्यों ने जहां पुष्प वर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया वहीं यात्रा में शामिल लोगों के लिए विशेष जलपान का प्रबंधन किया गया था। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज बड़ोपलिया ने कहा कि भगवत गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेश हर युग में प्रासंगिक हैं और मनुष्य को धैर्य, संयम, कर्तव्यनिष्ठा तथा सत्कर्मों की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान प्रयास गर्ग, उपप्रधान देसराज बंसल, सहसचिव पितांबर सिंगला, उपसचिव सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष अमित बंसल, प्रेस प्रवक्ता मुकेश बंसल, मीडिया सैल प्रभारी अनिल गोयल, रवि सिंगला, शिव कुमार जांडली, विजय अग्रवाल, संजय मोरछड़ी, शिवकुमार चौबारे वाले, पवन बंसल, सुनील गोयल, सुशील बंसल सहित अग्रवाल समाज फतेहाबाद के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# गीतामय हुआ फतेहाबाद, नगर शोभायात्रा में श्रद्धा और उत्साह का संगम




फतेहाबाद। नगर शोभायात्रा को रवाना करते पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व गीता जयंती महोत्सव में स्टालों का निरीक्षण करते पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा।



फतेहाबाद। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के समापन अवसर पर सोमवार को फतेहाबाद शहर अध्यात्म, श्रद्धा और भारतीय संस्कृति की उज्ज्वल धारा में सराबोर हो उठा। पूरे नगर में भव्यता और आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण श्रीमद्भगवद्गीता की विशाल नगर शोभायात्रा निकाली गई, जिसने प्रत्येक मार्ग को गीता-नाद से गुंजायमान कर दिया। पंचायत भवन से आरंभ हुई शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने गीता पूजन कर किया। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई यह भव्य यात्रा पुनः पंचायत भवन पहुंचकर संपन्न हुई। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन का संपूर्ण मार्गदर्शन है। गीता मनुष्य को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने, विवेकपूर्ण निर्णय लेने और अपने कर्तव्य के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का वर्तमान और भविष्य उसके कर्मों से तय होता है। इसलिए निराशा, भय या भ्रम में पडऩे के बजाय हमें अपने लक्ष्य की ओर समर्पित भाव से प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी तनाव, भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा के बीच जी रही है, ऐसे में गीता उनके लिए ऊर्जा, स्थिरता और आत्मबल का स्रोत है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ मेडिटेशन और मन की एकाग्रता पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि मानसिक शांति के बिना जीवन में किसी भी उपलब्धि का आनंद नहीं लिया जा सकता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगराधीश गौरव गुप्ता, उपनिदेशक अमित पंवार, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीएचओ डॉ. श्रवण कुमार, भट्टू मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रदीप मांडन, जिओ गीता से दीपक सरदाना, नरेंद्र मोंगा, फतेहाबाद मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन इंद्र गावड़ी, विकास ललौदा, विकास शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### गीता महोत्सव संस्कृति की आत्मा का उत्सव

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म एवं सनातन ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गीता वह ग्रंथ है जिसने सदियों से समाज को धर्म, नीति, न्याय और कर्तव्य का प्रकाश दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश और देश में गीता के संदेश प्रसारित किया जा रहा।

### शोभायात्रा में झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में घोड़ा बग्गी में विराजमान श्रीमद्भगवद्गीता की पालकी सबसे आगे चल रही थी। इसके साथ राधा-कृष्ण, कृष्ण-अर्जुन संवाद, पांडव सेना सहित विभिन्न पौराणिक दृश्यों की आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। स्कूली बच्चों द्वारा श्लोक-उच्चारण करती झांकी और नगाड़ा-बीन ढफली पार्टियों की ताल पर उत्साह से नाचते कलाकार शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण रहे।

### श्रीमद्भगवद गीता में जीवन का संपूर्ण ज्ञान और सत्य छिपाः जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा

सिरसा। भाजपा डबवाली जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता में जीवन का संपूर्ण ज्ञान और सत्य छिपा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए उपदेश न केवल हमें धर्म और संस्कारों के मार्ग पर आगे बढने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि सही और गलत के बीच अंतर समझने का भी विवेक प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि गीता का अध्ययन बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि उसके शब्दों में जीवन जीने का सार और श्रेष्ठ संदेश समाहित है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे हमें बुराइयों के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा मिलती है और सही मार्ग अपनाने की शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि विदेशों में संस्कारों की कमी देखी जाती है, लेकिन भारत में आज भी हमारे प्राचीन ग्रंथ और संस्कृति जीवन मूल्यों को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रेणु शर्मा सोमवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में पिछले चार दिनों से आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय गीता महोत्सव के समापन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने गीता महोत्सव के सफल संचालन पर जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि गीता का संदेश यही है कि हम अपने संस्कारों को न भूलें, अच्छाई के मार्ग पर चलें और जो भी कर्म हमें करना है, उसे बिना किसी स्वार्थ के करें।




### बारह विभागों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया

श्रीमद्भगवद् गीत पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न 12 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन प्रमोद मोहन गोतम व हरिओम भारद्वाज ने किया। प्रतियोगिता में आयुष विभाग की टीम प्रथम, स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वितीय व महिला एवं बाल विकास विभाग विभाग की टीम तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी को प्रथम, वन विभाग को द्वितीय तथा पुलिस विभाग की यातायात प्रदर्शनी को तृतीय स्थान दिया।

### राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में छाई शांति निकेतन स्कूल की छात्रा



विजेता छात्रा दिव्या।

फतेहाबाद। हरियाणा सरकार द्वारा कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड एवं कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हरियाणा पैवेलियन अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा दिव्या ने प्रदेशभर के बच्चों व स्कूलों को पछाड़ते हुए गीता जयंती भाषण प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य रण सिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में हरियाणाभर से 68 विद्यालयों के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया था, जिसमें से छात्रा दिव्या अपने मनमोहक शब्दों का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल, गांव व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विजेता रही छात्रा को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, उनको बस सही दिशा दिखाने की जरूरत होती है। हमें बच्चों का उचित मार्गदर्शन कर बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा को सबके सामने लाने का प्रयास करना चाहिए और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ जीवन मूल्यों का ज्ञान देना चाहिए।



फतेहाबाद। प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

## चांदनी दशमी पर रामदेवरा पहुंचे श्रद्धालु

फतेहाबाद। भगवान श्री कृष्ण के प्रिय माह मार्गशीर्ष की चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में पहुंचे और कलयुग में भगवान द्वारकाधीश के अवतार बाबा रामदेव के दरबार में नारियल-ध्वजा चढ़ाकर मन्नतें मांगी। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव की महिमा में जयकारें लगाकर मंदिर रामदेवरा परिसर को गुजांयमान कर दिया। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित कर बाबा रामदेव महाराज की आरती की गई। आरती उपरांत बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, मिश्री, मिष्ठान, मेवा, खीर, बताशें आदि को भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इससे पूर्व श्री बाबा रामदेव सेवा समिति के प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर पूजा अर्चना व आराधना की। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमी के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा अर्चना व आराधना की जाती है।

## जिला पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# फेक ब्रांड प्रमोशन स्कैम से रहें सावधान

*सोशल मीडिया पर लुभावने ऑफर देकर ठगी कर रहे साइबर ठग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बढ़ रहे फेक बिजनेस पेज व ब्रांड प्रमोशन स्कैम को लेकर नागरिकों को सतर्क करते हुए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में कई युवा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और छोटे व्यापारी इन ऑनलाइन ठगों के निशाने पर आए हैं, जो नकली कंपनियों और फर्जी ब्रांड नामों से प्रमोशन ऑफर देकर आर्थिक ठगी कर रहे हैं। फेक ठग इंस्टाग्राम, फेसबुक या अन्य प्लेटफार्म पर किसी नामी ब्रांड के नाम से पेज बनाकर लोगों को पेड प्रमोशन, ब्रांड कोलैबोरेशन या सप्लायर पार्टनरशिप के नाम पर लुभाते हैं। ये अकाउंट देखने में असली जैसे लगते हैं, जिन पर ब्रांड लोगो, प्रोफेशनल पोस्ट और हजारों फॉलोअर्स होते हैं। इसके बाद ये ठग लोगों को फर्जी एग्रीमेंट, ऑफर लेटर या लिंक भेजते हैं। जैसे ही यूजर लिंक या फेक ऐप डाउनलोड करता है, ठग उसके बैंक अकाउंट, कार्ड डिटेल या सोशल मीडिया एक्सेस चुरा लेते हैं। कई बार वे रजिस्ट्रेशन फीस, ब्रांड टैक्स या गिफ्ट चार्ज के नाम पर पैसे मंगवाते हैं और फिर संपर्क तोड़ देते हैं। एसपी ने कहा कि नागरिक किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिले प्रमोशन या पार्टनरशिप ऑफर को सत्यापित किए बिना स्वीकार न करें। उन्होंने बताया कि कोई भी असली कंपनी हमेशा अपने आधिकारिक ईमेल या वेबसाइट से ही संपर्क करती है, न कि अनजान डीएम या व्हाट्सएप नंबर से। किसी भी अज्ञात लिंक, क्यूआर कोड या फॉर्म में अपनी बैंक या कार्ड जानकारी साझा न करें। किसी भी लिंक या वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी न डालें। पैसे भेजने से पहले हमेशा ब्रांड की आधिकारिक वेबसाइट पर वेरिफिकेशन करें।

ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। अपने बैंक अलर्ट और मोबाइल नोटिफिकेशन ऑन रखें ताकि किसी संदिग्ध ट्रांजैक्शन की जानकारी तुरंत मिल सके।



फतेहाबाद। कार्यक्रम के अंर्तत ढुईयां स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

## 'योग युक्त-नशा मुक्त कार्यक्रम का आयोजन

फतेहाबाद। हरियाणा सरकार व विभागीय आदेश अनुसार जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार योग युक्त-नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत आज आयुष योग सहायक अनिल कुमार व सतबीर सिंह ने जिले के गांव ठुईयां के हाई स्कूल में स्कूली बच्चों को योगाभ्यास करवाया। विद्यार्थियों को योग से जुडऩे और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शपथ दिलवाई गई। योग सहायक अनिल कुमार ने कहा कि हमें स्वस्थ भारत बनाना है क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र की ताकत होता है। अगर हमें निरोग रहना है तो योग अभ्यास को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना होगा। आयुष योग सहायकों ने बताया कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है।

## खबर संक्षेप

### ऑटो मार्केट व पुरानी सब्जी मंडी से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम द्वारा शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सोमवार को पुरानी और नई ऑटो मार्केट के साथ-साथ पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। अभियान की निगरानी कर रहे नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि पुरानी ऑटो मार्केट में लोहे के व्यापारियों ने निगम की कार्रवाई से पहले ही स्वयं से अपने सामान को उठाना शुरू कर दिया, जिससे वहां सफाई और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### पॉलिटक्निक में संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक मेधा रनिंग फाउंडेशन पंचकूला के सहयोग से तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ ऋचा सिंह और सुभाष रावत ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक को अपनाकर परिणाम आधारित दृष्टिकोण के बारे में कर्मचारियों को जागरूक किया। मेधा फाउंडेशन के आयुष ने शिक्षकों और छात्रों के बीच कहानी के बंधन का आधार तैयार किया। यह एक इंटरैक्टिव प्रशिक्षण था जिसमें संस्थान के 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### समृद्ध भारत परिषद का मेडिकल कैम्प 21 को

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद की जनरल बॉडी की बैठक निजी रेस्तरां में हुई जिसमें इसी माह विशाल स्तर पर मेडिकल कैम्प लगाने का फैसला लिया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि 21 दिसम्बर को जहाज पुल के निकट स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में विशाल मेडिकल कैम्प लगाया जाएगा। सचिव डॉ. अजीत कुमार व कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि मेडिकल कैम्प में 500 ओपीडी का लक्ष्य रखा गया है।

### एसपी ने एसआई को इंस्पेक्टर पद पर किया पदोन्नत

**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने सोमवार को मिर्चपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार के कंधे पर स्टार लगा कर ऑनरेरी इंस्पेक्टर पदोन्नत किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस जिला में तैनात उप निरीक्षक सुरेश कुमार को इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति पाने पर पुलिस कप्तान ने कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि सब इंस्पेक्टर सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार 4 अक्टूबर 1989 को पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर भर्ती हुए और पुलिस विभाग में अपने कार्य के प्रति समर्पित रहते हुए पदोन्नति पाकर इंस्पेक्टर के पद तक पहुंचे है।

### लाइसेंसी हथियार देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड में अपने लाइसेंसी हथियार देने वाले आरोपी भगाना निवासी अनिल को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिनो पहले बिजेंद्र उर्फ रविन्द्र को अपना लाइसेंसी हथियार को दिया था और उसने दहशत फैलाने के लिए हथियार संग फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

## ताइयो काई अखिल भारतीय ओपन कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन

# कराटे चैम्पियनशिप में हरियाणा प्रथम और गुजरात रहा द्वितीय

**देशभर के कुल 8 राज्यों से खिलाड़ी आए व लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और साहस का प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पैलेडियम स्कूल में आयोजित छठी ताइयो काई अखिल भारतीय ओपन कराटे चैम्पियनशिप का रविवार को समापन उत्साह और जोशपूर्ण माहौल के बीच हुआ। यह आयोजन सूरजसेवा फाउंडेशन हिसार तथा ताइयो काई शितो-रयू कराटे इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के कुल 8 राज्यों से खिलाड़ी आए व लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और साहस का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सूरजसेवा फाउंडेशन के डायरेक्टर व एशियन रेफरी शिहान हरीश सिराधना ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा ने पहला, गुजरात ने दूसरा तथा पंजाब ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य साधु राम जाखड़ ने शिरकत की। इस अवसर पर जिला कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीराम, एआरओ डीएवी स्कूल सुनीता बहल, पैलेडियम स्कूल की प्रिंसिपल निशी भटनागर, मनोज कड़वासरा, धर्मेंद्र पवार, कृष्ण गुर्जर, प्रवीण, विनय वर्मा, राजेश अग्रवाल, शीतल शाह आदि मौजूद रहे।



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि



हांसी। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करती स्कूल प्राचार्या लवली चावला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बाबा बंदा बहादुर स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में 29 नवंबर को आयोजित सेकेंड हरियाणा हिसार डिस्ट्रिक्ट कीड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेकर अंडर - 12 आयु वर्ग में बेक थ्रो में मनन (छठी) ने पहला रीले रेस (4 गुना 100) में सक्षम मलवाल (छठी) ध्रुव (चौथी) माधव (पांचवी), कार्तिक (छठी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रीले 200 मीटर में सक्षम मालवल (छठी) ने तृतीय 4 गुना 100 मिक्सड रीले में भावी (छठी) अंकिता (पांचवी) सक्षम मालवल (छठी) कुंज (चौथी) में तृतीय स्थान प्राप्त किया व अंडर-10 आयु वर्ग 100 मीटर, 80 मीटर में कुंज (चौथी) ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करके सभी विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया।



हिसार। स्कूल प्रधानाचार्य केएल गोस्वामी के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने 14 पदक जीतकर किया स्कूल का नाम रोशन

**हिसार।** ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप में शानदार सफलता हासिल की है। हांसी के एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों ने कुल 14 पदक जीतकर अपने स्कूल और अभिभावकों का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कर दिया। इस उपलब्धि पर ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने खुशी जाहिर की।

### हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने जीता गोल्ड

**हांसी।** हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की खो-खो खिलाड़ियों ने एक बार फिर से अपना प्रभुत्व साबित करते हुए राज्य स्तरीय सब-जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जी विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया है। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि राजकीय उच्च विद्यालय, बोहल में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन हिन्दू स्कूल की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार खेल, तेज गति, शानदार टीम वर्क और अनुशासन का परिचय देते हुए सभी टीमों को हराकर स्वर्ण पदक हासिल कर ट्राफी पर कब्जा किया।



हांसी। पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार व अन्य।

## लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनएसएस एक दिवसीय शिविर का आयोजन



हिसार। प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

- **योजना लक्ष्य समाज सेवा से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रमुख लक्ष्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समुचित विकास करना है। इससे देश का युवा वर्ग जन-कल्याण की भावना से राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ता है। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका वैशाली ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव विषय पर एक व्याख्यान भी दिया।

महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा के नेतृत्व स्वयंसेविकाओं ने महारानी लक्ष्मीबाई स्टेचू की सफाई की व प्रांगण स्थित क्यारियों को सुव्यवस्थित भी किया।

इसके साथ लक्ष्मीबाई के जीवन के व्यक्तित्व के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन लेखन व स्कैच मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का भौतिक सत्यापन आज से

**हिसार।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों को उपलब्ध कराई गई फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का भौतिक सत्यापन 2 से 4 दिसंबर तक किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि यह सत्यापन उन किसानों के लिए है जिन्होंने 30 नवंबर 2025 तक पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड किए थे तथा 2024-2025 में जिन किसानों की 30 प्रतिशत शेष सब्सिडी लंबित है, उनका द्वितीय सत्यापन शामिल हैं। विभाग द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार मशीनों का भौतिक सत्यापन संबंधित स्थानों पर किया जाएगा।

## बाल महोत्सव में होली चाइल्ड के विद्यार्थी छाए

- **क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने हरियाणा स्टेट चाइल्ड वेलफेयर काउंसिल द्वारा जींद में आयोजित मंडल स्तरीय बाल महोत्सव 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। ज़िला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय रही। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं (विज्ञान वर्ग) के ललित तथा 12वीं (विज्ञान वर्ग) की जिज्ञासा ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधू तथा प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।




हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### भाविप ने गांव देवीगढ़ पूनिया में लगाया एनीमिया जांच कैंप

**बरवाला।** भाविप विवेकानंद शाखा बरवाला के तत्वाधान में आंगनवाड़ी केंद्र देवीगढ़ पुनिया में एनीमिया जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 60 महिलाओं की खून की जांच कर उन्हें एनीमिया संबंधी जागरूकता दी गई। इस कैम्प का शुभारंभ आंगनवाड़ी वर्कर दीपमाला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कैंप में शिवकुमार कौशिक शिवा डायग्नोस्टिक एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान की गई। इस मौके पर इस मौके पर भाविप के मुख्य संरक्षक महेंद्र सेतिया, वीरभान मिढ़ा, अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी, सचिव आशा चुघ, डॉ राजेंद्र मौर्य, सुनीता मनचंदा, मंजू सरदाना, सुदेश चहल पूनिया आदि मौजूद थे।

## आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में डीन सांगवान को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डीन इंटरनेशनल अफेयर्स व कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. ओमप्रकाश सांगवान को 'कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन एंड ऑटोमेशन' विषय पर सातवीं आईईईई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस (आईसीसीसीए-2025) में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया।

यह सम्मेलन का आयोजन गलगोटियास यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में हाल ही में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने आईसीसीसीए-2025 में सम्मानित किए जाने पर प्रो. ओमप्रकाश सांगवान को बधाई दी। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. ओमप्रकाश सांगवान ने गुजविप्रौवि की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की पहलों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।




हिसार। आईसीसीसीए-2025 में प्रो. ओमप्रकाश सांगवान को सम्मानित करते आयोजक।

## जिंदल स्टेनलेस ने लॉयल्टी प्रोग्राम जेएसएल साथी प्रगति की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने देश के स्टेनलेस स्टील पाइप्स एंड ट्यूब्स (पीएंडटी) सेगमेंट में सबसे बड़े लॉयल्टी प्रोग्राम जेएसएल साथी प्रगति के शुभारंभ की घोषणा की। इस क्षेत्र की वैल्यू चेन में मुख्य हितधारक रिटेलरों और फैब्रिकेटरों के सशक्तीकरण के लिए डिजाइन किए गए प्रोग्राम से सुनिश्चित इनाम, विशेष लाभ, और एक सहज डिजिटल अनुभव हासिल होगा, साथ ही बाजार में उत्पाद की प्रामाणिकता को बढ़ावा मिलेगा।

**जेएसएल साथी प्रगति**

जेएसएल साथी प्रगति कंपनी की पहले शुरू की गई जिंदल साथी सील पहल पर आधारित है। जिंदल साथी सील एक को-ब्रांडेड पहल है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों और व्यापार साझेदारों को नकली उत्पादों से बचाना है, ताकि असली स्टेनलेस स्टील पाइप और ट्यूब को आसानी से पहचाना जा सके। जेएसएल साथी प्रगति इस दिशा में एक और कदम है और यह रिटेलरों व फैब्रिकेटरों के लिए प्रामाणिकता की गारंटी को एक सुव्यवस्थित साझेदारी मॉडल के साथ जोड़ेगा। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि इंडस्ट्री के लीडर होने के नाते हम इसे अपनी जिम्मेदारी मानते हैं कि उपभोक्ताओं को केवल असली उत्पाद मिलें।

## श्री काली देवी विद्या मंदिर में मनाया गीता जयंती महोत्सव



हांसी। गीता जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर में गीता जयंती का पावन पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसके चलते सोमवार सुबह विद्यालय परिसर भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रेरक भाषण और मधुर भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का सबसे आकर्षक और मनोहारी हिस्सा विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से भगवद् गीता श्लोकों का सुमधुर और भावपूर्ण उच्चारण रहा, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भगवद् गीता का ज्ञान हमें निस्वार्थ भाव से कर्म करने की प्रेरणा देता है, जिससे जीवन सार्थक बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम एक श्लोक पढ़ने का आग्रह किया।

## न्यूज डायरी

### डाइट मात्रश्याम में पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन

**हिसार।** डाइट मात्रश्याम में जिले के अर्थशास्त्र प्रवक्ताओं के पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के निर्देशानुसार चलाया गया। शुभारंभ पर डाइट के सीनियर प्रवक्ता विनीता, पवन गोयल, डॉ अनीता राजपाल, धूपेंद्र, सत्येंद्र, रजत कुमार ने प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा आयोजन की रूपरेखा बताई। आईएफआईसी विभाग की ओर से संचालित कार्यक्रम के विभिन्न दिनों में डाइट के सीनियर प्रवक्ताओं रजत, डॉ. अनिल बूरा, डॉ. अजय लोहान, नीतिका, धूपेन्द्र तथा डॉ. सत्येंद्र, सुचेता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में सभी प्रतिभागियों को जागरूक किया।

### लायंस क्लब ने बांटे गर्म कम्बल, चद्दरें व राशन सामग्री

**हिसार।** लायंस क्लब हिसार डायमंड ने प्रयास मंद बुद्धि व अनाथ आश्रम में गर्म कम्बल, चद्दरें व राशन सामग्री आदि बांट कर समाज सेवा की मिसाल कायम की। हिसार डायमंड के प्रधान मुनीश सरदाना ने बताया कि लायंस क्लब के गवर्नर लायन विशाल वढ़ेरा व वाईस गवर्नर महेश बंसल ने दिल्ली से हिसार आ कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। लायंस क्लब इंटरनेशनल की ओर से इस सराहनीय कार्य के लिए जिला केबिनेट ट्रेजरार पवन सरदाना द्वारा प्रधान मुनीश सरदाना को इंटरनेशनल सर्टिफिकेट से नवाजा गया।

### 2.83 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने क्रिप्टो करेंसी में रुपये इन्वेस्ट पूरा करने के नाम पर 283412 रुपये की धोखाधड़ी मामले में दूसरे आरोपी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर निवासी हरप्रीत को गिरफ्तार किया है। एसआई प्रेम कुमार ने बताया कि आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर 4 जून को गढ़ी निवासी प्रिया के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्ट करवाने व टास्क पूरा करने के नाम पर कुल 283412 रुपये की धोखाधड़ी की थी। थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने प्रिया की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपये बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए हैं।

### हरियाणा ओड सभा के चुनाव 11 जनवरी को

**हिसार।** हरियाणा ओड सभा की बैठक प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संतलाल मजोका ने हरियाणा ओड सभा के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था और सभा ने सर्वसम्मति से रणजीत सिंह को हरियाणा ओड सभा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था। पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल 25 मार्च 2026 तक था परंतु संत लाल मजोका के इस्तीफे एवं कार्यकारिणी भंग होने से हरियाणा ओड सभा का चुनाव कराना आवश्यक था जिस पर सभी ने विचार विमर्श करके 11 जनवरी 2026 को चुनाव करवाने का निर्णय लिया। चुनाव के लिए मनोहर लाल पूर्व सरपंच मताना स्वामी नगर का नाम चुनाव अधिकारी हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया और सह चुनाव अधिकारी बंसी लाल बरोका निवासी मातु राम कालोनी फतेहाबाद व राजकुमार गंगवानी हिसार को नियुक्त किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### सीएम की प्रशासनिक कार्यों में पकड़ कमजोर

**हिसार।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में आज भाजपा सरकार में ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह से फेल हो चुकी है। प्रदेश में अफसरशाही इस कद्र हावी है कि आज छोटे छोटे कामों के लिए किसान व्यापारी व आमजन को प्रताड़ित किया जा रहा है। दुष्यंत चौटाला सोमवार को उकलाना के आधा दर्जन गांवों में जुलाना में आयोजित पार्टी के 8वें स्थापना दिवस का निमंत्रण देने पहुंचे। इस मौके पर अनेक नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि पिछली सरकार में उनके द्वारा प्रदेश हित में किए गए कामों व पार्टी की नीतियों का अपने अपने गांवों में प्रचार कर जुलाना में आयोजित रैली का निमंत्रण दे सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों से लोगों को अवगत करवाए।

### द्वितीय दिवस का शुभारंभ एचपीएससी की सदस्य ज्योति बैंदा ने किया

## बल्यू बैल्स कॉन्वेंट स्कूल में सांस्कृतिक समारोह की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बल्यू बैल्स कॉन्वेंट स्कूल, हिसार का दो दिवसीय 25 वां वार्षिक सांस्कृतिक समारोह-2025 बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला, आत्मविश्वास व उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया।

उत्सव के प्रथम दिन मुख्यातिथि डिप्टी डीईओ बिजेंदर सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा की मनमोहक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता से भर दिया। द्वितीय दिवस का शुभारंभ एचपीएससी की सदस्य ज्योति बैंदा ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्वतारोही रीना भाटी तथा स्कूल के प्रथम सत्र की छात्रा विजेता मुंदलिया और उर्वशी रेड्डू रही।



हिसार। बच्चों को पुरस्कृत करती मुख्यातिथि ज्योति बैंदा व स्कूल प्रधानाचार्या सुनीता रेड्डू। फोटो :हरिभूमि

**संगीत प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

*कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, रंगारंग समूह नृत्य, देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति एवं मधुर संगीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। स्कूल प्रधानाचार्या सुनीता रेड्डू ने कहा कि यह समारोह विद्यालय परिवार के लिए एक यादगार दिन बन गया और अपने साथ एक संदेश छोड़ गया कि एकता, संस्कार, आत्मविश्वास और आनंद ही जीवन की सच्ची उपलब्धियां हैं।*

### विद्यार्थियों को किया साइबर सुरक्षा के प्रति

**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुर में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, महिला सुरक्षा और आत्म सुरक्षा के विषय में जागरूक किया गया। पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग टीम व महिला सुरक्षा टीम ने विद्यालय का दौरा किया। इस टीम में एचसी इंद्रपाल, एचसी सरोज, एचसी किरण व कांस्टेबल नीलम शामिल रही। टीम ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, यातायात सुरक्षा व महिला सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य राजकुमार श्योराण तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने पुलिस टीम को धन्यवाद देकर सम्मानित किया गया।